हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 9 नवंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललीतपुर | कायथा ]

06 लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री ने...



09 यातायात माह नवंबर के तहत पुलिस ने वाहन चालकों को...




## विद्यार्थी परिषद के नलखेड़ा भाग संयोजक पद पर नियुक्त हुए तिवारी

**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग विगत दिनों जिला आगर मालवा में संपन्न हुआ। जिसमें आगर जिले की समस्त छात्र शक्ति व परिषद के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आगर जिला प्रचारक राकेश मराठा, अभाविप उज्जैन विभाग संगठन मंत्री उदित पाराशर, मालवा प्रांत छात्रा प्रमुख दामिनी बिरथरे, उज्जैन विभाग संयोजक आदर्श चौधरी एवं आगर जिला संगठन मंत्री सत्यम दवे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। दो दिवसीय यह अभ्यास वर्ग नो सत्रों के माध्यम से आगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में नवीन दायित्वों की घोषणाएं की गई, जिसमें नलखेड़ा से देवांग तिवारी पिता नरेंद्र तिवारी को नलखेड़ा, कानड़, बड़ागांव भाग संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।



### चुनावी संग्राम में उपाध्यक्ष-महासचिव-ब्लॉक अध्यक्षों का भी ऐलान, कई नए चेहरों को भी मिलीं जिम्मेदारियां

# 7 महीने चली युवक कांग्रेस की चुनावी प्रक्रिया का हुआ समापन, देवेंद्र बने अध्यक्ष, 2140 वोट से जीते

चुनावी प्रक्रिया में सीहोर शहर के अध्यक्ष मुस्तफा अंजुम और सीहोर ब्लॉक के अध्यक्ष रेहान खान निर्वाचित हुए हैं। वहीं आष्टा ब्लॉक का नेतृत्व प्रवीण जाट अध्यक्ष और कपिल वर्मा तथा अंकित ठाकुर दोनों उपाध्यक्ष नियुक्त हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीते माह जुलाई में आयोजित हुए भारतीय युवा कांग्रेस के कड़े आंतरिक चुनावों के बाद जिले में युवा नेतृत्व का नया दौर शुरू हो गया है। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी ने जिले की कांग्रेस पार्टी में अपनी दमदार पकड़ साबित करते हुए 2140 वोटों के भारी अंतर से युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद जीत लिया है। जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी को सर्वाधिक 6773 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप सिंह ठाकुर हाजीपुर को 4633, मनीष मेवाड़ा को 3882 और अभिलाषा धुर्वे को 73 युवाओं के वोट प्राप्त हुए।



देवेंद्र सिंह ठाकुर, जीते

**मत प्राप्त : 6773**


संदीप सिंह ठाकुर, हारे

**मत प्राप्त : 4633**

बता दें युवा कांग्रेस की यह चुनावी प्रक्रिया 18 अप्रैल को सदस्यता अभियान के साथ शुरू हुई थी। इंडियन यूथ कांग्रेस साइट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आष्टा ब्लॉक में सर्वाधिक 14 हजार 340 युवा सदस्य पंजीकृत हुए, जबकि इछावर में 6335, सीहोर में 3131 और बुदनी में 1569 सदस्य बने। इस प्रक्रिया में नामांकन दाखिल करने से लेकर 6 नवंबर को परिणाम घोषित होने तक, संगठन ने समय-सारणी का पालन किया, जिसमें मई में नामांकन जांच और अक्टूबर में अंतिम जांच/पड़ताल का चरण शामिल था।



### ब्लॉक स्तर पर भी घोषणा

संगठन ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी नए नेतृत्व की घोषणा की है, जिसमें लोकेंद्र सिंह अध्यक्ष और अखिलेश राजपूत व हरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष के रूप में आष्टा की कमान संभालेंगे। बुदनी में कपिल चौहान अध्यक्ष और संदीप सिंह पटेल उपाध्यक्ष बने हैं। इछावर ब्लॉक में आशीष मुकाती अध्यक्ष और रविंद्र परिहार उपाध्यक्ष होंगे, जबकि इछावर ब्लॉक के लिए रूपेश मालवीय अध्यक्ष और अंकित वर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।


### 27 अप्रैल से जमा हुए नामांकन

युवक कांग्रेस के चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 18 अप्रैल को नए सदस्यों को पंजीकृत करने की प्रक्रिया शुरू हुई, जबकि चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 27 अप्रैल से 13 मई तक चली। आपत्ति के लिए 28 अप्रैल से 14 मई तक की तारीख निर्धारित की गई। 14 से 16 मई तक नामांकन की जांच हुई. 20 मई को उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। 20 जून से 30 जुलाई तक नए सदस्यों द्वारा वोट डाले गए, 20 जून से 30 जुलाई तक सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क का भुगतान किया गया, जबकि 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे चुनावी नतीजे घोषित किए गए।

### मुस्तफा सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष बने

इस चुनावी प्रक्रिया में सीहोर शहर के अध्यक्ष मुस्तफा अंजुम और सीहोर ब्लॉक के अध्यक्ष रेहान खान निर्वाचित हुए हैं। वहीं आष्टा ब्लॉक का नेतृत्व प्रवीण जाट अध्यक्ष और कपिल वर्मा तथा अंकित ठाकुर दोनों उपाध्यक्ष नियुक्त हुए। भैरुंदा ब्लॉक में शिवम यादव को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि महासचिव के रूप में राहुल पटेल, यशवंत सिंह, अर्जुन सिंह, अजय सिंह ठाकुर और अजय ठाकुर जैसे युवा चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है।

## तापमान 10.5 डिग्री पहुंचा: दिन-रात के पारे में दोगुना से ज्यादा का अंतर, अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज



**सीहोर।** सीहोर जिले में ठंड का असर अब तेज हो गया है। शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस तरह दिन और रात के तापमान में लगभग दोगुना से ज्यादा का अंतर (करीब 19.5 डिग्री) देखा जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक ने आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है।

### मौसम साफ होते ही बढ़ेगी ठिठुरन

शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं। उन्होंने संभावना जताई कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। पिछले कुछ दिनों से जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम था। अब मौसम में बदलाव आया है, जिससे लोगों को ठंड महसूस होने लगी है।

### पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान

4 सितंबर: 19.5 डिग्री सेल्सियस
5 सितंबर: 17.8 डिग्री सेल्सियस
6 सितंबर: 14.7 डिग्री सेल्सियस
7 सितंबर: 10.5 डिग्री सेल्सियस

### इस साल 21 जून को मानसून ने दी थी दस्तक

इस साल मानसून ने सीहोर जिले में 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश हुई और मानसून ब्रेक की स्थिति भी बनी रही थी।

## पंचतत्व में विलीन हुए मुनि मौनसागर महाराज भक्तों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**यम सल्लेखनापूर्वक समाधिमरण हुआ**



समाधिस्थ मुनि भूतबलि सागर महाराज के शिष्य महासाधक मुनिराज मौनसागर महाराज की यम सल्लेखना के 14 वें दिन शुक्रवार-शनिवार दरमयानी रात्रि समाधिमरण हो गया। अंतिम डोल यात्रा शनिवार को त्रिमूर्ति मंदिर से निकाली गई। जिसमें कई स्थानों से आए जैन समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जैन समाज सुसनेर में चातुर्मास हेतु विराजित मुनिराज 108 मौनसागर महाराज की यम सल्लेखना चल रही थी।

मुनिश्री के यम सल्लेखना की जानकारी लगने पर नलखेड़ा में इस वर्ष वर्षावास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व प्रवर्तक मुनि विश्व नायक म. सा. 6 नवंबर को नगर से उग्र विहार कर 7 नवंबर को सुसनेर पहुंच गए थे। जहां 7 व 8 नवंबर की दरमियानी रात्रि 2 बजे के लगभग मुनि विवर्धनसागर, प्रवर्तक मुनि विश्वनायक सागर, श्रमण श्री मुनि सागर एवं श्रमण मुनि श्री मुक्तिसागर के निर्यापकत्व में णमोकार महामंत्र श्रवण करते हुए मुनिश्री मौनसागर महाराज का सल्लेखनापूर्वक समाधिमरण हुआ। शनिवार को उनकी अंतिम संस्कार हेतु डोल यात्रा प्रातः 8: बजे त्रिमूर्ति मंदिर से प्रारंभ हुई। डोल यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मुनिश्री के अंतिम दर्शन हेतु सड़कों पर तथा अपने-अपने मकान की गैलरी व छत पर जमा थे। डोल यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर अंतिम संस्कार स्थल त्रिमूर्ति मंदिर क्षेत्र पर पहुंची जहां पर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ मुनि श्री का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर नगर सहित अन्य स्थानों से आए भक्तों ने भाग लेकर मुनिश्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनांयजलि दी।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नलखेड़ा।** 15 वर्षीय नाबालिग को स्कूल छोड़ने के बहाने अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नलखेड़ा निवासी एक नाबालिग जोकि शुक्रवार को प्रातः लगभग 9 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में कृष्णा उर्फ कन्हैयालाल प्रजापति पिता भेरूलाल उम्र 25 वर्ष जोकि पूर्व में नाबालिग के स्कूल में टीचर था मिला और बोला कि चल तुझे स्कूल छोड़ देता हूं। परिचित होने के चलते नाबालिग उसकी मोटरसाइकिल पर बैठ गई, लेकिन वह उसे स्कूल के स्थान पर उसके गांव ले गया। जब उसने बोला कि मुझे स्कूल क्यों नहीं ले गए तो आरोपी ने बोला थोड़ी देर में चलते हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी नाबालिग को अपने घर ले गया और उसकी मर्जी के बगैर उसके साथ गलत काम किया। उसके बाद स्कूल की छुट्टी के समय नाबालिग के घर से कुछ दूरी पर उसे छोड़ दिया। साथ ही घटना की किसी को जानकारी नहीं देने की धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताया तो तुझे जान से मार दूंगा। घटना के बाद नाबालिग परिजनों के साथ पुलिस थाने पहुंची जहां पुलिस ने आरोपी कृष्णा उर्फ कन्हैयालाल प्रजापति पिता भेरूलाल प्रजापति 25 वर्ष धरोला पर पास्को एक्ट व एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

## ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया गया 516 नौनिहालों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 'भावान्तर योजना' में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4,000 रुपए से अधिक तय किया गया है। प्रदेश के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। आगामी 13 नवंबर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कल्याणकारी योजनाओं और विकासमूलक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करते हुए राज्य सरकार सशक्त भारत-सशक्त मध्यप्रदेश के पथ पर अग्रसर है।



## 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

## जिपं. की बैठकों में 'पति-प्रवेश' को मिली मंजूरी नए जिपं सीईओ के आते ही बदला गया नियम

**पूर्व सीईओ की 'महिला सशक्तिकरण' की पहल को झटका**



**सीहोर।** जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के बदलने के साथ ही सामान्य सभा की बैठकों में शामिल होने के नियमों में भी बड़ा बदलाव आ गया है। जहां तत्कालीन सीईओ डॉ. नेहा जैन ने महिला प्रतिनिधियों को बढ़ावा देने और उनके काम में अनावश्यक हस्तक्षेप रोकने के लिए पतियों के बैठक में शामिल होने पर सख्ती से रोक लगा रखी थी, वहीं अब सीईओ सर्जना यादव की जिम्मेदारी संभालने के बाद यह रोक बेअसर नजर आई।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में यह बदलाव खुलकर सामने आया। न सिर्फ जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेन्द्र मेवाड़ा बैठक में मौजूद रहे, बल्कि दो अन्य महिला सदस्यों के पति भी बैठक में शामिल हुए।

### सख्ती हटी पहल को झटका

पूर्व सीईओ डॉ. नेहा जैन ने अपने कार्यकाल में यह सुनिश्चित किया था कि महिला जनप्रतिनिधि स्वयं ही बैठकों में शामिल हों और अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यह प्रयास ग्रामीण महिला प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हालांकि उनके तबादले के बाद यह अच्छा नियम शिथिल हो गया। माना जा रहा है कि इस 'पति-प्रवेश' से उन महिला प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण की पहल को झटका लगेगा, जो अब तक अपने दम पर काम कर रही थीं।

### बैठक में हुई विभागों की समीक्षा

शुक्रवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों के संचालन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया।

सीईओ सर्जना यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और विभागीय योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### युवा उत्सव के दूसरे दिन पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# जिले भर से आए विद्यार्थियों ने मूक अभिनय मूर्तिकला, स्किट विधा में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव के तहत दूसरे दिन रचनात्मकता पूर्ण विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने मुख्यतः मूक अभिनय, स्किट, तथा मूर्ति कला विधाओं में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया।

मूक अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने एसिड अटैक तथा महिला शोषण जैसे गंभीर विषय पर अपने प्रभावी अभिनय से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित हास्य नाटिका में साइबर अपराध तथा अंधविश्वास को मूल में रख विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय प्रदर्शन किया। नाटिका के माध्यम से साइबर अपराध के विरुद्ध सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में आयोजित मूर्ति कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसोईघर में प्रयुक्त होने वाले पात्रों को मिट्टी का आकार देकर अपनी सृजनात्मक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।





## जीतू पाटीदार युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव निर्वाचित



**नलखेड़ा।** जिला पंचायत सदस्य जीतू पाटीदार युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए हैं। उनके निर्वाचित होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर बधाई दी। गत दिनों युवक कांग्रेस के निर्वाचन के परिणाम घोषित किए गए। जिनमें तहसील के ग्राम दावतपुर निवासी जिला पंचायत आगर के सदस्य जीतू पाटीदार प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए। जीतू युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जीतू के प्रदेश सचिव निर्वाचित होने पर युवक कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कर बधाइयां दी गई।

खबर संक्षेप

## जनपद परिसर में सामूहिक वंदेमातरम गीत गान संपन्न



**बागली।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150 वी जयंती वर्ष में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गान की श्रृंखला में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार जनपद पंचायत परिसर में खंड स्तरीय समूह गान स्कूली बच्चों की उपस्थिति में पंचायत अधिकारी कौशल जोशी के मार्गदर्शन तथा संदीपनी स्कूल के प्राचार्य प्रकाश डाबी, छात्रावास अधीक्षक महेश आस्के, शिक्षक विलाम वास्केल, तुलसी परमार,दीपक परिहार, ललित तिवारी, शिक्षिका योगी आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली ने किया तथा आभार जोशी ने माना। इस अवसर पर गुलजारी लाल बाथरी,अजय यादव, शुभम यादव आदि का सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने योजनाओं की समीक्षा की

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष देवास में बाल वाटिका, एक बगिया माँ के नाम एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त ग्राम पंचायत में 10 दिवस के भीतर बाल वाटिका निर्माण कार्य को गुणवंतपूवक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 33 केवी लाइन से करंट लगा, झुलसा युवक

**देवास।** शिखरजी धाम में शनिवार को एक युवक को 33 केवी बिजली लाइन से करंट लग गया। हादसे में युवक करीब 35 फीसदी झुलस गया। जानकारी अनुसार, यह घटना तब हुई जब युवक दीपावली पर घर पर लगाई गई बिजली सिरीज निकालने के लिए अपने एक साथी के साथ छत पर गया था। इसी दौरान छत के समीप से गुजर रही 33 केवी बिजली लाइन में अचानक फाल्ट हो गया। पीड़ित की पहचान राहुल प्रजापति (निवासी उज्जैन, हालमुकाम देवास ) के रूप में हुई है।

### मंत्री पटेल ने उपचाररत मरीजों, उनके परिजनों और चिकित्सकीय स्टाफ से बातचीत की

# लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री ने सिविल अस्पताल कन्नौद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खातेगांव का किया निरीक्षण





कन्नौद बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा और सीएचसी खातेगांव के डॉ. तुषार गुप्ता ने मंत्री पटेल को अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा सिविल अस्पताल कन्नौद एवं खातेगांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक मौजूद रहीं। मंत्री पटेल ने सिविल अस्पताल कन्नौद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं जनसुविधाओं का निरीक्षण कर उपचाररत मरीजों, उनके परिजनों और चिकित्सकीय स्टाफ से बातचीत की। मंत्री पटेल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार नागरिकजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। कन्नौद बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा ने बताया कि माननीय मंत्री द्वारा अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का सूक्ष्म रूप से निरीक्षण कर ओपीडी, मेडिसिन वितरण, पैथोलॉजी लैब , जनरल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम आदि का निरीक्षण कर अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान मरीजों की सुविधा हेतु किए जाने वाले अन्य कार्यों के लिए बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा द्वारा अवगत कराया। मंत्री द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं दी जा रही सुविधाओं के लिए संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान एक मरीज के द्वारा अस्पताल के बाहर चप्पल उतार कर प्रवेश करने पर उनका फूलमाला एवं शॉल से मंत्री जी द्वारा स्वागत किया गया व कहा गया कि अस्पताल में ऐसा व्यवहार सभी रोगी करने लगें तो अस्पताल में स्वच्छता रहेगी व अस्पताल मंदिर बन जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खातेगांव के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तुषार गुप्ता ने बताया कि मंत्री द्वारा खातेगांव में निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पूर्ण होने पर संतुष्टि जताई। पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान 12 बच्चे अपनी माताओं के साथ भर्ती पाए गए।

उन्होंने भर्ती बच्चों की माताओं से चर्चा की एवं मिल रहे उपचार की जानकारी ली तथा संतोष व्यक्त किया। चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले रहे मरीजों से चर्चा कर मिल रहे उपचार की जानकारी ली एवं संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने मरीजों की रिपोर्ट का भी अवलोकन किया एवं रिपोर्ट समय पर मिलने की व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जताई। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से भी चर्चा की। उन्होंने दवाई वितरण कक्ष का अवलोकन किया एवं मरीजों से मिल रही दवाई के संबंध में जानकारी ली। दवाई की पर्याप्त उपलब्धता के संबंध में सीएमएचओ डॉ बेक एवं बीएमओ खातेगांव डॉ. तुषार गुप्ता से जानकारी ली। पटेल ने एनआरसी के निरीक्षण के दौरान फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर पल्लवी शुक्ला से संपूर्ण जानकारी ली एवं अवलोकन रजिस्टर में लिखा कि जब शासकीय संस्थाओं की सेवाओं से जनता जनार्दन संतुष्ट होती है तो निश्चय ही सेवक होने के नाते प्रसन्नता होती है। पोषण पुनर्वास केंद्र खातेगांव के निरीक्षण में सभी भर्ती बच्चियों के परिजनों ने संतोष व्यक्त किया जो निश्चय ही हमारे स्टाफ के परिश्रम का परिणाम है। बच्चों को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए आशीर्वाद तथा श्रीमती पल्लवी शुक्ला फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर सहित हमारे सीएमएचओ तथा बीएमओ भी प्रशंसा के पात्र हैं समस्त स्टाफ को साधुवाद। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक के द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपलब्धि ,संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं तथा अस्पताल में दी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी माननीय मंत्री जी को दी गई । इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित चिकित्सालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## अनुकरणीय कार्य करने वालों का भजन गायक लख्खा ने किया सम्मान



**देवास।** नगर की सुप्रतिष्ठित श्री चामुंडा सेवा समिति अनेक वर्षो से सेवा कार्य करते हुए विविधि धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करती आ रही है। मां चामुंडा सेवा समिति एवं बीएनपी सेवा समिति द्वारा संत-महात्माओं के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव, दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि में लाखों श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के हर क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले समाजसेवियों, दानदाताओं, मंदिर, मठ पुजारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्था के पदाधिकारियों, गोसेवकों, पत्रकारों, मातृशक्तियों का सम्मान समारोह व अन्नकूट महोत्सव बीएनपी श्रम कल्याण केन्द्र में आयोजित किया। सभी का बहुमान करने वालो से अभिभुद होकर सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय कुमार जैन लख्खा व साथियो द्वारा समिति के संयोजक जलोदिया का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जैन ने जलोदिया को अनमोल वचनो से युक्त प्रशस्ति पत्र व भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मान हुए उनके द्वारा वर्षभर किए जा रहे अनुकरणीय कार्यो सराहना की। इस दौरान बडी संख्या में समिति सदस्यों के साथ धर्मप्रेमी लोग उपस्थित थे।

## गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



प्रदेश सरकार के निर्देशन में भाजपा संगठन द्वारा गौरव दिवस के रूप में बिरसा मुंडा जयंती मनाई जाएगी जिसको लेकर शनिवार के दिन रेस्ट हाउस बागली पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम प्रभारी कमल यादव सह प्रभारी खुशीलाल राठौर , जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी कमल यादव एवं सह प्रभारी सुशील राठौर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक गांव में बैठके आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रचार प्रसार रथ भी प्रारंभ किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या का लक्ष्य यहां पर रखा गया है। सभी आदिवासी बहुल गांव में इस कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज को जागरूक करना एवं बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा दिए गए योगदान के बारे में जागरूक करना है। मुख्यालय पर भव्य रूप से आयोजन सरकार के निर्देशन में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान सह प्रभारी टींकी बारेला, संतोष काकड़िया,गजरात डावर, संतोष देवडा,भगवान सिंह कासलीवाल, मुकेश वास्केल, मुकेश भुसारिया,आशिष पाटीदार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बागली विस के बीएलओ को प्रशिक्षण के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रियाओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवम यादव तथा तहसीलदार पीहू कुरील की उपस्थिति में बागली विधानसभा के 156 मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसरों (बीएलओ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद सभागृह में मास्टर ट्रेनर वारिस अली तथा लोकेंद्र परिहार के द्वारा एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रियाओं को विस्तार से बताते हुए प्रदान किया। एसआईआर के दौरान बीएलओ को घर घर जाकर 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक प्रत्येक मतदाता का ई एफ फार्म कंप्लीट करना है तथा उसके बाद मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन कार्य भी पूर्ण करना है। बीएलओ एप की विस्तृत जानकारी निर्वाचन शाखा असिस्टेंट प्रोग्रामर नवनीत व्यास ने प्रदान की।

एसआईआर के दौरान 9 दिसंबर को मसौदा सूची का प्रकाशन होगा। इस प्रक्रिया के दौरान 9 दिसंबर से 8 जनवरी 26 तक दावे आपत्ति तथा 9 दिसंबर से 31 जनवरी 26 तक सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया संपन्न होगी। 7 फरवरी 26 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन संपन्न हुआ।उक्त जानकारी निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा ने प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति दर्ज करने के साथ अन्य व्यवस्था में शाखा के जुगल किशोर अमडावदिया,अनिल मकवाना का सहयोग रहा।

## क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य ने अमलतास अस्पताल में हेयर ट्रांसप्लांट ओटी व स्किन ओपीडी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देवास ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई सौगात देवास और उसके आसपास के जिलों के रहवासियों को दी है। अस्पताल में हेयर ट्रांसप्लांट ओटी एवं नवीन स्किन ओपीडी का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह पहल देवास और आस-पास के क्षेत्रों की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है, जहाँ अब महानगरों में होने वाली अत्याधुनिक सर्जरी और इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

नवीन ओपीडी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं उज्जैन संभाग क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. दीपक पिप्पल के कर-कमलों द्वारा किया गया।देवास की पहली अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ओटी में उच्च गुणवत्ता वाले हेयर ट्रांसप्लांट और जटिल त्वचा रोगों जिसमे सफ़ेद दाग,मस्सा , किल मुंहासे, फंगल इन्फेक्शन, चेहरे के गड्ढे, दाद -खाज ,इत्यादि इलाज अब अत्यंत किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे।अस्पताल के सुप्रसिद्ध केश एवं चर्म रोग विशेषज्ञ अब चमड़ी से सम्बंधित सभी बीमारियों के निदान और उपचार के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे।मुख्य अतिथि डॉ. दीपक पिप्पल ने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने कहाःश्यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अमलतास अस्पताल देवास में यह नवीन सौगात लेकर आया है। यह सुविधा क्षेत्र की जनता के लिए हर्ष का विषय है क्योंकि अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ उपचार के लिए दूर के शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस अवसर पर अमलतास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, वॉइस चैयरमेन देवेंद्र दुबे , रजिस्टार संजय रामबोले , मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पिठवा, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. संगीता तिवारी, फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. नीलम खान, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय पंचोली, डॉ. अभिषेक मालवीय , डॉ. शिवांक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण कुमार,डॉ. त्रशिता राजानी , डॉ.झीनी नायक उपस्थित थे। इस अवसर पर अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने कहा की हमारा लक्ष्य हमेशा से ही लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना रहा है। हेयर ट्रांसप्लांट ओटी और स्किन ओपीडी के उद्घाटन से हम एक कदम और आगे बढ़े हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि यहाँ विश्वस्तरीय इलाज और उपकरण के साथ-साथ मरीजों को स्नेह और समर्पण की भावना से सेवा मिले।

### ब्रह्मबन्धुत्व संस्था का अन्नकूट महोत्सव व स्नेह सम्मेलन संपन्न

# संस्था ने शिक्षा क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




बीएनपी ब्रह्मबन्धुत्व संस्था देवास का अन्नकूट एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन श्रम कल्याण केन्द्र बीएनपी पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित एवं महासचिव पं राजकुमार शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पं देवकृष्ण व्यास एवं पूर्व महापौर पं सुभाष शर्मा द्वारा भगवान श्रीनाथ को छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया एवं सभी अतिथि एवं उपस्थित जनों के साथ भगवान श्रीनाथ जी की आरती उतारी। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि पं गंगेश्वर जोशी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पं दिनेश मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक पं संजय शुक्ला,देवास नगर निगम के पार्षद पं दीपेश कानूनगो, शंकरलाल शर्मा थे। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ एवं संस्था की सेवा एवं सहयोग करने वाले सम्मानीय व्यक्तियों का सम्मान उन्हें स्मृति चिन्ह,पदक भेंटकर एवं चुनरी उडाकर किया गया। संस्था के शिक्षा क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चे एवं बच्चियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों के भाषण में,पं गंगेश्वर जोशी ने कहा कि ब्राह्मणों को अपने बच्चों को संस्कारित करना चाहिए। देवकृष्ण व्यास ने कहा कि जन्मदिन इत्यादि हिन्दू कलेन्डर अर्थात तिथि के अनुसार मनाने चाहिए। महिलाओं एवं बच्चों की चेयर रेस एवं बाल फेंक प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पं महेन्द्र स्थापक द्वारा उपस्थित जनों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर दुबे ,मधुसूदन शर्मा,राहुल शर्मा,महेन्द्र शर्मा, जगदीश कानूनगो, अशोक चौबे, विष्णु शर्मा,डी पी शुक्ला, मांगीलाल तिवारी, राधेशयाम तिवारी,नरेन्द्र नागर,विष्णु पुराणिक,मुकेश जोशी, राजन मिश्रा, देवकी नंदन समाधिया,डॉ.सुरेश शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश तिवारी, अभिषेक अवस्थी, राहुल त्रिवेदी, तरुण मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा,आदेश त्रिपाठी, पुरुषोत्तम जोशी, विपुल तिवारी, आलोक चौबे,कुलदीप चौधरी, देवेन्द्र तिवारी, अनिल शर्मा, धर्मेन्द्र नागर,नरेश भार्गव, रामकृष्ण मिश्रा, के के चौबे, ब्रह्मानंद केष्टवाल, राजकुमार शर्मा, शरद शुक्ला,सतीश दुबे, आकाश अवस्थी आदि बहुसंख्या में विप्रबन्धु परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रुपराम मिश्रा एवं जगदीश कानूनगो ने किया। आभार प्रदर्शन राजकुमार शर्मा ने किया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया,उपरोक्त जानकारी अशोक चौबे ने दी।

## सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने पर निगम ने की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहर मे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वाले व्यवसायी व नागरिकों पर चालानी कार्रवाई किए जाने के निर्देश निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिए गए है। शुक्रवार को वार्ड 38 मे सुपर मार्केट के सामने राजकमल बैंड के संचालक द्वारा सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने और जवाहर चौक आनंद इलेक्ट्रिक संचालक द्वारा अपनी दुकान के सामने सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने पर निगम टीम द्वारा रूपये 5 सौ व रुपये 3 सौ का स्पॉट फाइन कर चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार वार्ड 19 गोमती नगर मे स्थित जुडियो शोरूम कर्मचारियों द्वारा खुले प्लाट पर कचरा डालने पर रूपये 2 हजार व वार्ड 21 रेलवे क्रासिंग पर अपोलो फार्मेसी द्वारा कचरा डालने पर रूपये 2 हजार का स्पॉट फाइन कर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई मे निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, विजय सांगते, दरोगा ऋषि निगम, मांगीलाल पथरोड, सोनू आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क खाद्यान्न वितरण 25 तक

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र में अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह नवम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जिले के अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 8 से 25 नवम्बर तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकोंको 14 कि.ग्रा. गेंहू, 21 कि.ग्रा.चावल प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 2 कि.ग्रा. गेंहू, 3 कि.ग्रा. फोर्टिफाईट चावल (कुल 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न) प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है। जिले के समस्त अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि 08 से 25 नवम्बर 2025 तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई-पॉस के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से माह नवम्बर 2025 हेतु आवंटित गेंहू-चावल निशुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 25 नवम्बर 2025 को निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा।

### खेत पर काम कर रहे किसान की कुंए में गिरने से मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अन्तर्गत ग्राम ऐरा निवासी किसान की खेत पर काम करते समय कुंए में गिरने से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान किसान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुये किसान के कुंए में गिरने के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि ऐरा निवासी किसान 32 वर्षीय राजू पुत्र धनीराम अपने खेत में काम कर रहा था। अज्ञात कारणों के चलते वह खेत पर काम करते हुये कुंए में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा के लुहरयाना निवासी जयसिंह पुत्र संतोष परिहार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती रात करीब 8 बजे वह घर में था। तभी उसका भतीजा लब्बू पुत्र कैलाश परिहार व अमन पुत्र संजू, नानू पुत्र पोटे जोशी, सानू एकराय होकर आये और उसे घूमने के लिए ले गये। कुछ समय दूर सानू जोशी के खेत बड़ौनिया कॉलेज के पीछे पहुंचे तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और जा से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### समाज की जमीन पर नाप कराए जाने की मांग

**ललितपुर।** सेन समाज के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। बताया कि आईटीआई के पीछे बुन्देलखण्ड सेन समाज कमेटी का एक प्लाट है। इस प्लाट की नोप कराने की मांग उठायी गयी है। बताया कि एक दानदाता ने उक्त प्लाट समाज को दान किया था, जिसका रजिस्टर्ड बैनामा समिति के नाम है। उक्त प्लाट पर विधायक निधि से सामुदायिक भवन बनाया जाना भी स्वीकृत है। बताया कि जुलाई माह में उक्त प्लाट का समतलीकरण कराया गया, लेकिन पड़ौस के प्लाट स्वामी द्वारा जमीन पर रोक लगा दी है। अब समिति ने जिला प्रशासन से उक्त जमीन की नाप कराये जाने की मांग उठायी है।

### गोमाता की पूजन कर गो भक्तों को दी श्रद्धांजलि

विदिशा। माधवगंज चौराहे पर अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ सर्वदलीय गो रक्षा अभियान समिति एवं करपात्री फाउंडेशन के तत्वावधान में 7 नवंबर 1966 के गो-भक्त शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पंडित बृजमोहन शास्त्री ने बताया कि 40 वर्षों से यहां प्रतिवर्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते आ रहे हैं।

### यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया

# यातायात माह नवंबर के तहत पुलिस ने वाहन चालकों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना सीटबेल्ट, हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मोडिफाइड साइलेंसर/प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान, जांच के दौरान 197 वाहनों का एम.वी.एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें। यातायात प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये। शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये। चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की। सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें। वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें। सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/ईयर फोन आदि का प्रयोग न करें। ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये। वाहन के साथ स्टंटबाजी करके न चलाये। अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें।




### दुकान से हटाया गया अतिक्रमण

# साहू दूध डेयरी संचालक ने पत्रकार पर किया हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में खाद्य पदार्थों में लगातार हो रही मिलावट के खिलाफ प्रशासन काफी सख्त बना हुआ है। तो मीडिया भी मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान छेड़े है।

शुक्रवार को अपराह्न खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुये सुपर मार्केट स्थित साहू दूध डेयरी का ढ़ाई कुन्तल घी मिलावट के संदेह के चलते जब्त किया था। इसी कार्रवाई को लेकर शनिवार की दोपहर संवाददाता संजीव नामदेव साहू दूध डेयरी पर वीडियो फुटेज बनाने के लिए गये हुये थे। यहां दूध डेयरी के संचालक ने जैसे ही कैमरा देखा तो पत्रकार से अभद्रता करने लगे। मना करने पर डेयरी संचालक ने अपनी दुकान पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ पत्रकार पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो खौल रहे दूध को भी पत्रकार पर फेंकने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी प्रकार पत्रकार वहां से भाग निकला। पीछा करते हुये दुकान के संचालक विकास साहू ने पत्रकार पर दूध के खाली पतीले से हमला कर दिया, जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला होने के सूचना मिलने पर भारी संख्या में पत्रकार कोतवाली पहुंचे, जहां पत्रकार पर हुये हमले पर विरोध दर्ज कराया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकारों ने दूध डेयरी संचालक पर कार्रवाई की मांग करते हुये दुकानदार द्वारा नगर पालिका की दुकान लेकर सार्वजनिक रोड व आगे टीन शेड डालकर किये गये अवैध अतिक्रमण को भी हटाने की मांग उठायी। इस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद टीम ने मौके पर जाकर अवैध तरीके से लगाये गये टीन शेड, बनायी गयी दीवाल को तत्काल मौके पर गिरा दिया और बगल की तरफ से लगायी गयी लोहे की एंगिल को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये।

### ग्राम झरकौन के मजरा हरपुरा की वारदात

# खेत में ट्रैक्टर से बोवनी कर रहे किसान की घेरकर लाठियों से कर दी जमकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झरकौन के मजरा हरपुरा निवासी अंगद पुत्र स्व.थोवन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया है कि बीती 6 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे वह अपने ट्रैक्टर पर बैठकर खेत बो रहा था। तभी गांव के ही करन व अमरचंद्र पुत्रगण लखन, ममता पत्नी लखन एकराय होकर आये और चारों तरफ से घेरकर षडयंत्र पूर्वक उसके साथ लाठियों से मारपीट करने लगे, जिससे उसके बांये पैर व दोनों हाथों और सिर में चोट लग गयी। कहा कि सौर्य प्लांट के पास बोर मिला तो उसे जान से मार देंगे और उसके खेत में लगा सौर्य प्लांट भी तोड़ देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बारी टूट जाने पर मारपीट का आरोप

थाना बानपुर के ग्राम अजनौरा निवासी शिवानी राजा पुत्री सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते गुरूवार की 7 बजे वह अपने गांव के पर्वत कुशवाहा के खेतों में अपने ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर के चोवरी से उसके गांव के आशाराम, महेश व हल्के पुत्रगण आशाराम खेत की बारी टूट गयी, जिस पर उक्त लोगों ने उसे व उसके पिता के साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास काम कर रहे लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक पर कार्यालय में आकर मारपीट करने का आरोप

मोहल्ला चौकाबाग निवासी अरविन्द जैन पुत्र राजकुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि एक व्यक्ति ने उनके कार्यालय में आकर उसके साथ पैसों के लेन-देन को लेकर गालियां दीं गयीं। विरोध करने पर लाठी-डण्डा से मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त व्यक्ति जो कि स्वयं को पिपरिया पाली का प्रधान बताता है के प्रभाव में आकर फर्जी तरीके से रिपोर्ट बनायी गयी, जबकि उसके पैर में फेक्चर है और उसका ऑपरेशन भी एक निजी अस्पताल में हुआ, जिसमें दो प्लेटे भी डली हुयी हैं। पुलिस से पीड़ित ने मामले की जांच करायी जाकर कार्रवाई किये जाने की मांग उठायी है।

# पाइप लाइन को खोदी सड़क, डोडाघाट हवलदार मंदिर के सामने से निकल नहीं पा रहे श्रद्धालु

### गहरा गड्ढा अब लोगों की खासी मुसीबत बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नमामि गंगे योजना में अमृत योजना 2.0 के तहत शहर में बिछाई जा रही पाइप लाइन अब लोगों के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही हैं। डोडाघाट हवलदार मंदिर के सामने कई दिनों पहले पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा अब लोगों की खासी मुसीबत बना हुआ है। यह से लोगों को पैदल निकलने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं, खासकर जब कार्य पूरा होने के बाद उनकी मरम्मत ठीक से नहीं की गई है। इससे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई है और दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। ऐसे में मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन से संबंधित विभाग को आदेशित कर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई है।



# बानपुर पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामिया बदमाश को धर दबोचा

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने मु.अ.सं. 192/2025 धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 61(2), 316, 317 बीएनएस में 25 हजार रुपये के इनामिया बदमाश मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनवाहा निवासी गोकुल पुत्र स्व.छुन्द्रा अहिरवार को हिरासत में लिया गया है। बदमाश को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी, उ.नि.दिगविजय सिंह, उ.नि. ललित उज्जवल, का. मनीष कुमार, का.कनिष्क बघेल आदि शामिल रहे।

### बाइक खरीदी, रुपए मांगने पर ऑटो मोबाइल्स वाले को धमकाया

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा पारसनाथ कालोनी निवासी सतीश जैन पुत्र निर्मल कुमार जैन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह आनन्द ऑटो मोबाइल्स के प्रोपराइटर है। बताया कि 6 नवम्बर गुरूवार को अपराह्न 3.30 बजे नई बस्ती निवासी ऋषि सरदार पुत्र रानू सरदार उसकी दुकान पर आया। जब उसने ऋषि सरदार से गाड़ी के रुपये मांगे तो उसने गालियां देते हुये बार-बार परेशान न करने की बात कही। गालियां देने से मना करने पर वह मारपीट पर भी आमादा होकर जान से मारने की धमकी दी। किसी प्रकार कर्मचारियों ने उसका बचाव किया। आरोप है कि उक्त ऋषि सरदार आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। पीड़ित ने बताया कि उसने 6 सितम्बर को बजाज पल्सर 1 लाख 35 हजार 718 रुपये में ऋषि सरदार के रिश्तेदार म.प्र. की राजधानी भोपाल के टी.टी.नगर हुजूर निवासी शैलेश सिंह परमार पुत्र वीरसिंह परमार को दिलायी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ऋषि सरदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

### चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौर्रा निवासी ज्योति पत्नी जयराम उर्फ सोनू ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 27 अक्टूबर को उसका पति जयराम, देवर रानू उसके मायके ग्राम खांदी के रानीपुरा आये हुये थे। अगले दिन 28 अक्टूबर को वह साले की मोटर साइकिल यू.पी.94 ए.ए. 8271 से उसकी ननद ग्राम म्यांव निवासी रीता पत्नी रामसेवक के यहां गये थे। उसी दिन 11 बजे वापस खांदी लौटते हुये तरगुवां रेलवे क्रॉसिंग के पहले टेडी बरिया के पास सामने से आ रही चार पहिया इनोवा क्रिस्टा नं. यू.पी. 93 डी.टी. 4182 के चालक ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति व देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अर्जुन, प्रवेश व अन्य राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां पति को हालत गंभीर होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने इनोवा क्रिस्टा के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मौसी के घर जाने को निकली नाबालिग घर नहीं लौटी

चौकी नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शुक्रवार शाम 4 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से अपनी मौसी के घर जाने की बात कहकर निकली थी। लेकिन रोहिणी न मौसी के घर पहुंची और न ही घर लौटकर आयी है। तब परिजनों ने उसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड जान पहचान वालों समेत पूरे खोजबीन कर चुके हैं, लेकिन पुत्री कहीं नहीं मिली। पुत्री एक मोबाइल फोन भी लिये हुये है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस को शिकायती पत्र दिया

# वाहन की टक्कर से हो गया था घायल इलाज के दौरान मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी पिंकी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 27 अक्टूबर को उसका पति बडकू रैकवार पुत्र चन्दू शाम करीब साढ़े छह बजे घर से रोड पर रामसहाय झां के घर के सामने सब्जी के ठेले पर खड़ा था, तभी तालबेहट की ओर से आ रही गाड़ी नं. यू.पी.78 डी.डब्ल्यु.5944 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद महेन्द्र झां व अन्य लोग घायल पति को लेकर सरकारी अस्पताल तालबेहट पहुंचे, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। कुछ समय तक भर्ती रहने के बाद 1 नवम्बर 2025 को सुबह 5 बजे उसके पति की उपचार के दौरान मौत हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवक की हुई थी मौत, अब एफआईआर दर्ज

नेहरूनगर चौकी क्षेत्रांतर्गत अम्बेड़कर नगर निवासी घनश्याम पुत्र छोटेलाल ने जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 अक्टूबर को उसका पुत्र बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी मोटरसाइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 1323 पर सवार होकर पिपरई में रिश्तेदारी मिलकर वापस घर आ रहा था। बताया कि बरखेरा नहर से 400 मीटर दूरी पर सामने से आ रही मोटर साइकिल स्प्लेण्डर नं. एम.पी.15 जे.जे. 3583 के चालक ने उसके पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बृजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों में बरखेरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र गोबरधन व नुनावली निवासी प्रीतम पुत्र हरनाम ने एम्ब्युलेंस के जरिए घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बृजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कुशीनगर एक्सप्रेस में यात्री के बैग से सामान चोरी गया

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला संत कबीर नगर के थाना खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम सहसरांवमाफी निवासी बिलाल अहमद शेख पुत्र हमीदुल्लाह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। विगत 7 नवम्बर को 2.20 बजे वह ट्रेन नं. 22537 कुशनगर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ सं. 1 व 3 पर खलीलाबाद से मुम्बई रेलवे स्टेशन तक की यात्रा कर रहा था। बताया कि कानपुर रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उसने देखा कि उसके बैग से लगभग 27 हजार रुपये की नकदी, कान का झाला, मोबाइल इत्यादि सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जीजीआईसी में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव

# इनोवेशन विज्ञान मेले में बनाए मॉडल



**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग ने जीजीआईसी में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम 2025 में राजकीय पालीटेक्निक में सिविल अभियांत्रिकी अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं (रितिक, शिवम सिंह, महिमा, हेमा एवं प्रगति) द्वारा बनाए गये मॉडल स्मार्ट कार ने इनोवेशंस विज्ञान मेले में प्रथम पुरस्कार मेकेनिकल अभियांत्रिकी अन्तिम वर्ष के छात्र रामेश्वर द्वारा बनाए गये माडल आफिस रोबोट को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रथम वर्ष की छात्राओं अवनि दुबे, आध्या द्वारा बनाए गये स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं छात्रों का प्रोजेक्ट बनाने में मार्गदर्शन करने वाले अनुज कुमार, विवेक मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## भूमि आबंटन न होने के चलते नहीं हो पा रहा नवीन जिला जेल का निर्माण

# 239 बंदियों की क्षमता वाली जर्जर हो चुकी जिला जेल में कैद हैं 350 बंदी

### जेल की दीवारों की ऊंचाई भी ज्यादा नहीं, हो चुकी हैं कैदियों के भागने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि मुख्यालय स्थित जिस जिला जेल को काफी समय पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है, उस जेल में इन दिनों क्षमता से कहीं अधिक कैदी सजा काट रहे हैं। लोक निर्माण विभाग काफी अर्से पहले करीब 120 सालों पुरानी राजगढ़ जिला जेल को पूरी तरह जर्जर घोषित कर चुका है। इसके बावजूद शहर के बीचों-बीच यह जेल आज भी संचालित हो रही है।

बड़ी बात यह है कि जिला जेल में बंदियों को रखने की कुल क्षमता 239 है। इसके विरुद्ध वर्तमान में इस जेल में करीब 350 कैदी विभिन्न अपराधों में सजा काट रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मानव अधिकारों के विरुद्ध जिला जेल के हॉलों में ठूंस-ठूंसकर बंदियों को रखा जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि जेल प्रबंधन द्वारा नवीन जेल निर्माण के लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किए गए हों लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से भूमि आबंटन न हो पाने के चलते आगामी प्रक्रियाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। दूसरे शब्दों में कहें कारागार अधिनियम 1894 एवं आदर्श कारागार अधिनियम-2023 भी अवहेलना हो रही है।




#### पूर्व में हुआ था भूमि आबंटन पर अब वहां रहवासी बस्ती

नवीन जिला जेल निर्माण के लिए करीब 30 वर्षों पूर्व प्रशासन द्वारा संकट मोचन बड़ली क्षेत्र में भूमि का आबंटन किया गया था। जेल निर्माण के लिए बजट राशि भी आ चुकी थी परन्तु अपरिहार्य कारणों से उस समय वहां जेल का निर्माण नहीं हो पाया ऐसे में वह राशि लेप्स हो गई। अब संकट मोचन बड़ली क्षेत्र घनी रहवासी बस्ती वाला क्षेत्र हो चुका है। ऐसे में यहां जेल का निर्माण होने की संभावना ही नहीं बची है। आदर्श कारागार अधिनियम के प्रावधानों के तहत जिला जेल के 100 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण, रहवासी बस्ती आदि नहीं हानी चाहिए। लेकिन, राजगढ़ में वर्तमान जिला जेल जहां स्थित है उसके चारों ओर घनी रहवासी बस्ती, मार्केट, दुकानें फैली हुई हैं।

#### क्षेत्रीय विधायक सदन में उठा चुके हैं मुद्दा

राजगढ़ जिला जेल के शहर के बीचों-बीच स्थित होने एवं नवीन जिला जेल निर्माण के संबंध में क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव विधानसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बावजूद नवीन जेल निर्माण की प्रक्रिया अभी तक कागजों में ही नजर आ रही है।

**फैक्ट फाइल**

- जिला जेल की क्षमता : 239 बंदी
- वर्तमान में निरुद्ध : 350
- पुरुष बंदी : 331
- महिला बंदी : 19

#### नेसड़ी के समीप किया था भूमि आबंटन

जिला जेल के प्रस्ताव पर जिला प्रशासन द्वारा कुछ वर्षों पूर्व नेसड़ी गांव के समीप जमीन आबंटन प्रस्तावित किया गया था। लेकिन, बाद में मालूम हुआ कि जिस भूमि को जेल के लिए आबंटित किया जा रहा है वह पूर्व से ऊर्जा विभाग को दी जा चुकी है। तब से अब तक महज जमीन आबंटन न हो पाने के चलते राजगढ़ में नवीन जिला जेल का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

*जिला जेल निर्माण की प्रक्रिया जमीन आबंटन न होने से अटकी हुई है। मुझ से पूर्व के अधीक्षकों ने प्रशासन से जमीन आबंटन के लिए प्रस्ताव भिजवाए हैं परन्तु मामला प्रक्रियाधीन है। जमीन आबंटित हो जाए तो आगे की प्रक्रियाएं बढ़ पाएंगी।*

*- आलोक बाजपेयी, कार्यवाहक अधीक्षक, जिला जेल, राजगढ़*

---

## थाना शुजालपुर मंडी पुलिस को मिली सफलता

# स्वप्न सिटी में हुई चोरी का किया खुलासा 4 लाख 64 हजार के जेवर बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय शाजापुर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेष देशमुख अनुभाग शुजालपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी द्वारा कस्बा शुजालपुर मंडी में हो रही चोरियों को गंभीरता से लेते हुए चोरियों पर अंकुश लगाने विशेष टीम गठित की गई। फरियादी चंदर सिंह पिता गोरेलाल परमार उम्र 43 साल निवासी ग्राम महुघाट हाल स्वप्न सिटी-2 शुजालपुर मंडी ने रिपोर्ट की कि दिनांक 01. 09. 25 को अज्ञात अरोपी फरियादी के घर में घुस कर सोने की झुमकी, मंगलसूत्र व 3 अंगूठी व चांदी की पायल तथा पचास हजार रुपए नकदी चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शुजालपुर मंडी पर अपराध क्र. 326/25 धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त प्रकरणो में पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में अति० पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमेष देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन में अपराध में चोरी गए मश्रुका एवं आरोपियों कि गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा मुखबिरों को सक्रिय किया गया। गठित टीम द्वारा निरंतर प्रयास किया गया। दिनांक 03.11.25 को आरोपी अरूडा उर्फ अरूदा पिता प्रकाश सिसोदिया उम्र 42 साल निवासी ग्राम गुलखेडी थाना बोडा जिला राजगढ़ को न्यायालय शुजालपुर एनालिसिस में घटना की रात शुजालपुर इलाके में सक्रिय मोबाइल नंबरों में से एक नंबर इसी गांव के व्यक्ति का मिला। इस नंबर से राजगढ़ जिले के गलखेड़ी निवासी अरुदासे वारदात की रात बातचीत हुई थी। पुलिस टीम टांडा पहुंची, लेकिन वहां कोई आरोपी नहीं मिला। इसी बीच, सीहोर पुलिस ने हाल ही में सीहोर जिले में हुई एक चोरी के मामले में अरुदा को गिरफ्तार किया था।

शुजालपुर पुलिस ने कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट लेकर अरुदा से पूछताछ की। पूछताछ में उसने शुजालपुर की वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर चोरी के गहने, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, अरुदा और टांडा गैंग के सदस्यों की पहचान कुछ साल पहले हैदराबाद की जेल में हुई थी। अरुदा चोरी करने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण देता था और उन्हें साथ ले जाकर वारदातों को अंजाम दिलाता था। हैदराबाद में एक शादी से जेवर चोरी के मामले में एक बच्चा पकड़ा गया था, जिसे बाल सुधार गृह भेजा गया था, जबकि अरुदा जेल गया था। जेल में ही उसकी मुलाकात टांडा गैंग से हुई थी। जेल से निकलने के बाद अरुदा ने टांडा गैंग से संपर्क बनाए रखा और साथ मिलकर मध्य प्रदेश के गुना जिले के विजयपुर, सीहोर और शुजालपुर में कई वारदातों को अंजाम दिया। इस मामले में गिरोह के अन्य फरार बदमाश अर्जुन, करण, दया और खड़क सिंह की तलाश जारी है।

---

# किसानों के लिए निर्मित टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा



**जीरापुर।** कृषि उपज मंडी समिति जीरापुर जिले की अन्य मंडियों की आय के हिसाब से तीसरा स्थान रखती है , लेकिन किसानों को अपने माल की नीलामी हेतु जो सुविधा किसानों को उपलब्ध होना चाहिए , उस पर बेवजह व्यापारी ने हक जमा कर किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर रखीं हैं। उल्लेखनीय है कि मण्डी परिसर में किसानों के माल की नीलामी हेतु टीन शेड निर्मित कर रखें है। लेकिन जितने टीन शेड किसानों के माल निलामी हेतु सुविधा के रूप में निर्मित है उनमे से दो तीन टीन शेडों पर व्यापारियों का कब्जा जमा हुआ है, इससे किसानों को अपने माल की नीलामी करने में खुले आसमान के नीचे अपने वाहन ट्रैक्टर ट्राली एवं जो माल निलामी के लिए लाया जाता है उसे रखना पड़ता हैं। जानकारी के मुताबिक नवीन मंडी प्रांगण । रकबा 2.873 हेक्टर एवं मंडी श्रेणी (सी) वर्ग है जिसमें लाखों रुपए की लागत से इस परिसर में किसानों के माल एवं ट्रैक्टर ट्राली के विभिन्न जिन्स नीलामी हेतु खड़े करने के लिए अलग-अलग टीन शेड निर्मित है लेकिन व्यापारियों ने उन टीन शैडो को अपने कब्जे में ले रखा। पूर्व में भी अनेकों बार मंडी सचिव सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई। मंडी सचिव हरीनारायण वर्मा का कहना है कि व्यापारी को नोटिस जारी कर चुके हैं एक दो दिन बाद टीन शेड खाली कर देंगे।

# अनिल उपाध्यक्ष व अरविंद कलमोदिया बने जिलाध्यक्ष

**कुरावर।** गुरुवार रात्रि चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय युवक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया द्वारा युवा संगठन अध्यक्ष डॉक्टर अजय पटेल सीहोर की सहमति से चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के उपाध्यक्ष पद पर नगर के होनहार कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता अनिल दरबार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत माना के सरपंच अरविंद कलमोदिया को समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनिल दरबार वर्तमान में कुरावर नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद भी है वहीं अरविंद ग्राम पंचायत माना के सरपंच है समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल लाइनमैन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई रवि दला सहित सभी समाज जनों ने एवं ईष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

## एसआईआर को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

# मंडलों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला में पंवार ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुधवार और गुरुवार को ब्यावरा विधानसभा के ब्यावरा, पिपलहेला, मलावर, सुठालिया , गिद्धोरहाट और गादीया मंडलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 एसआईआर को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यशाला में मंत्री पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को सुदृढ़ और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू किया है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा ने इस कार्य में सहयोग के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं और प्रत्येक बूथ पर जिला प्रवासी भी तैनात किए गए हैं। मंत्री पंवार ने कहा कि भले ही यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के अधीन संचालित हो, लेकिन संगठन के लिए भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं को वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने और मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मंत्री पंवार ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया भविष्य के चुनावों और राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने वाली है, इसलिए इसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। मंत्री पंवार ने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी और राष्ट्रहित की भावना से करता है, तभी लोकतंत्र सशक्त बनता है।

## अपाहिज महिला का इलाज कराया

# खुशियों का ओटला परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में संचालित सामाजिक संस्था "खुशियों का ओटला" ने एक बार फिर मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की है। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह, सहयोगी काजल वाल्मीकि एवं सोनम खान द्वारा हाईवे गुना रोड पर एक अपाहिज महिला को अचेत एवं लावारिस अवस्था में देखे जाने की जानकारी मिली। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए टीम ने तुरंत महिला को रेस्क्यू किया और संस्था के ब्यावरा स्थित केंद्र पर लाकर उसकी देखभाल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। महिला के दोनों हाथ नहीं हैं तथा वह बोलने या अपनी पहचान बताने की स्थिति में नहीं थी। संस्था द्वारा निरंतर प्रयास कर सोशल मीडिया की मदद से महिला के परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया ,इस कार्य में ब्यावरा शहर के भाजपा नेता गिरीराज लववंशी,गायक विष्णु शर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया, जिस ये पता चल सका की महिला रतलाम जिले के एक गांव की निवासी है जिसे मिर्गी भी आती है बहुत प्रयासों के बाद उस के परिजनों से बात हुई और अब वो महिला को लेने ब्यावरा आ रहे है। खुशियों का ओटला" परिवार ने पुनः यह सिद्ध किया है कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता ही सच्ची सेवा है।

---

# राजेश सक्सेना की स्मृति में नेत्र शिविर का किया आयोजन



**शुजालपुर।** भारतीय जनता पार्टी शुजालपुर नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष, कायस्थ महासभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेश सक्सेना की स्मृति में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवा सदन जांच केन्द्र के डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने 130 मरीजों का नेत्र परीक्षण एवं ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की गई, जिसमें 12 मरीजों का चश्मे का नम्बर निकालकर चश्मे की सलाह दी गई। 25 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए, जिन्हे 24 नवम्बर को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा जहां उनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान कायस्थ महासभा के सदस्य, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में सेवा सदन केन्द्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, राजेन्द्र कात्यानी, गंगाधर शर्मा, शशांक जैन का सहयोग रहा।

# नवाचार जिला उपहार योजना शाला नाईहेड़ा में आयोजित

**जीरापुर।** जिला कलेक्टर डाक्टर गिरिश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नवाचार जिला उपहार योजना का आयोजन समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा शाला में हुआ। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नाईहेड़ा में कक्षा 1 में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले 12 विद्यार्थियों को नवाचार उपहार योजना के तहत बैग वितरित किए गए। शासन की योजना द्वारा आयोजित उपहार बैग मिलने पर बच्चें बहुत आनन्दित हुए जहां पर नन्हे नन्हे बच्चे उत्साहित नजर आए। में तहसीलदार आर.पी. गोड़, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, बच्चे उपस्थित रहे।

# उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विकास के नाम पर कर रहे गुमराह

### अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष का कर रहे विरोध



**सारंगपुर ।** नगर पालिका उपाध्यक्ष पति द्वारा वार्ड नंबर 8 के कुछ लोगों को बहला फुसलाकर मंत्री एवं एसडीएम को ज्ञापन देकर नगर पालिका परिषद पर दुर्भावना का आरोप लगाया है जो सरासर गलत है जबकि सबसे अधिक कार्य वार्ड क्रमांक 8 में किए गए हैं कुछ कार्य स्वीकृत है कुछ पूर्ण है कुछ प्रगति रत है ऐसे में कुल मिलाकर वार्ड नंबर 8 में 3 करोड़ 34 लाख 3240 रुपए के कार्य हुए हैं इसके बाद भी वार्ड वासियों को गुमराह किया जा रहा है जबकि परिषद की बैठक में जो भी निर्णय हुए हैं उसमें उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे एवं उनकी सहमति से ही सारे प्रस्ताव पारित हुए हैं प्रस्ताव एवं एजेंडा रजिस्टर पर स्वयं ने हस्ताक्षर किए किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई ओर परिषद की मीटिंग के एक हफ्ते बाद वार्ड वासियों को गुमराह करते हुए ज्ञापन देकर समाचार प्रकाशित करवा रहे हैं। यह बात शुक्रवार को नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया को अवगत कराते हुए कही। इसके बाद भी नगर पालिका उपाध्यक्ष पति लगातार नगर पालिका पर दुर्भावना का आरोप लगा रहे हैं जो कि सरासर गलत है नगर पालिका उपाध्यक्ष पति द्वारा कई विकास कार्यों में रोडे अटकाए जा रहे हैं जिसमें बेरोजगारों पर लगी लाइट आठवां ने सहित ऐसे कई विकास कार्यों में उनके द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है जबकि नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षद भी नगर विकास के लिए संकल्पित है किसी भी तरह का कहीं भेदभाव नहीं हो रहा है।

---

# कार्तिक पूर्णिमा पर खेड़ापति की महाआरती की गई



**कुरावर।** नगर में पिछ्ले करीब 200 वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में जागरण का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व नगर मे एक सप्ताह तक मनाया जाता है जिसमें प्रथम दो दिन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर व उसके तीसरे दिन सार्वजनिक धर्मशाला स्थित हनुमान मंदिर में मनाया जाता तथा इसी प्रकार नगर के अन्य मंदिरों में भी ये उत्सव धूमधाम से मनाया जाने लगा जो नगर सहित आसपास के क्षेत्र में धार्मिक भावनाओ से औतप्रौत होता है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर खेड़ापति मंदिर में महाआरती करने वाले परिवार के प्रमुख मनोज गोयल ने बताया की कार्तिक पूर्णिमा पर जागरण की परम्परा बहुत पुरानी है।

## राजगढ़ ब्लॉक की खेड़ी पंचायत के पाका ग्राम में लगी ग्राम सभा

# समस्याएं निपटाने ग्रामीणों व अधिकारियों ने किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

गांवों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा अभिनव प्रयास शुरू किया गया है। इसी कड़ी में अलग-अलग गांवों में ग्राम सभाओं के आयोजन करवाए जा रहे हैं जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण आपस में सीधा संवाद कर समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजगढ़ ब्लॉक की खेड़ी पंचायत के पाका गांव में ग्रामीणों के आव्हान पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में खुजनेर तहसीलदार नित्यानंद पांडे, जनपद के सहायक यंत्री मेहताब सिंह अहिरवार, जपं इन्सपेक्टर बलराम खटनावलिया, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक मंगल व्यास, पटवारी लक्ष्मण सोनगिरा, जीतेंद्र शर्मा, सरपंच कंवरलाल भिलाला, सचिव सिद्धनाथ पाल, रोजगार सहायक दीपक यादव, जपं सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम



रुहेला सहित अन्य कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद थे। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि पाका गांव में श्मशान तक पहुंचने का मार्ग नहीं है। खेड़ी से घोड़ाखेड़ा मार्ग पर बारिश के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही गांव के स्कूल में न तो बाउन्ड्रीवाल है और न ही बच्चों के खेलने के लिए उपर्युक्त खेल मैदान है।

#### जनपद की टीम ने गांव में घूमकर लिया समस्याओं का जायजा

ग्रामीणों ने बताया कि चाटूखेड़ा से पाका तक का मार्ग गंदगी और कीचड़ से सना हुआ है साथ ही आसपास नाली निर्माण भी नहीं है। खुजनेर तहसीलदार ने ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। हल्का पटवारियों ने राहत राशि से वंचित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलवाने की बात कही वहीं जन अभियान के मंगल व्यास ने विभाग संबंधी जानकारी ग्रामीणजनों से सांझा की। इसके उपरान्त जनपद की टीम ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए समस्या वाले स्थानों का चिन्हित किया वहीं गांव में जल्द सीसी सड़क और शमशान के रास्ते को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जीआरएस ने भी जरूरी प्रस्ताव बनाकर जनपद तक पहुंचाने की बात कही।